सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 96 | इंदौर, शनिवार 19 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

अर्ज़ किया है..!

*उसने तो मुझसे*
*इंतज़ार करने को कहा है,*
*इसमें पलों,लम्हों,सदियों*
*का जिक्र ही कहाँ है..!*

(साभार)

## अधिकतर घरों में बच्चे यह दो प्रश्न अवश्य पूछते हैं -

# जब दीपावली भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास से अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है तो दीपावली पर लक्ष्मी पूजन क्यों होता है?



## राम और सीता की पूजा क्यों नही?

## दूसरा यह कि दीपावली पर लक्ष्मी जी के साथ गणेश जी की पूजा क्यों होती है, विष्णु भगवान की क्यों नहीं?





DGR @ नितिन अवस्थी

### इसे ऐसे समझिए

दीपावली का उत्सव दो युग, सतयुग और त्रेता युग से जुड़ा हुआ है। सतयुग में समुद्र मंथन से माता लक्ष्मी उस दिन प्रगट हुई थीं इसलिए लक्ष्मीजी का पूजन होता है। भगवान राम भी त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या लौटे थे तो अयोध्या वासियों ने घर घर दीपमाला जलाकर उनका स्वागत किया था इसलिए इसका नाम दीपावली है। अत: इस पर्व के दो नाम है लक्ष्मी पूजन जो सतयुग से जुड़ा है दूजा दीपावली जो त्रेता युग प्रभु राम और दीपों से जुड़ा है।

### लक्ष्मी गणेश का आपस में क्या रिश्ता है ? और दीवाली पर इन दोनों की पूजा क्यों होती है?

लक्ष्मी जी सागरमन्थन में मिलीं, भगवान विष्णु ने उनसे विवाह किया और उन्हें सृष्टि की धन और ऐश्वर्य की देवी बनाया गया। लक्ष्मी जी ने धन बाँटने के लिए कुबेर को अपने साथ रखा। कुबेर बड़े ही कंजूस थे, वे धन बाँटते ही नहीं थे। वे खुद धन के भंडारी बन कर बैठ गए। माता लक्ष्मी खिन्न हो गईं, उनकी सन्तानों को कृपा नहीं मिल रही थी। उन्होंने अपनी व्यथा भगवान विष्णु को बताई। भगवान विष्णु ने कहा कि तुम कुबेर के स्थान पर किसी अन्य को धन बाँटने का काम सौंप



दो। माँ लक्ष्मी बोली कि यक्षों के राजा कुबेर मेरे परम भक्त हैं उन्हें बुरा लगेगा।

तब भगवान विष्णु ने उन्हें गणेश जी की विशाल बुद्धि को प्रयोग करने की सलाह दी। माँ लक्ष्मी ने गणेश जी को भी कुबेर के साथ बैठा दिया। गणेश जी ठहरे महाबुद्धिमान। वे बोले, माँ, मैं जिसका भी नाम बताऊँगा, उस पर आप कृपा कर देना, कोई किंतु परन्तु नहीं। माँ लक्ष्मी ने हाँ कर दी। अब गणेश जी लोगों के सौभाग्य के विघ्न, रुकावट को दूर कर उनके लिए धनागमन के द्वार खोलने लगे। कुबेर भंडारी देखते रह गए, गणेश जी कुबेर के भंडार का द्वार खोलने वाले बन गए। गणेश जी की भक्तों के प्रति ममता कृपा देख माँ लक्ष्मी ने अपने मानस पुत्र श्रीगणेश को आशीर्वाद दिया कि जहाँ वे अपने पति नारायण के सँग ना हों, वहाँ उनका पुत्रवत गणेश उनके साथ रहें।
दीवाली आती है कार्तिक अमावस्या को, भगवान विष्णु उस समय योगनिद्रा में होते हैं, वे जागते हैं ग्यारह दिन बाद देव उठनी एकादशी को। माँ लक्ष्मी को पृथ्वी भ्रमण करने आना होता है शरद पूर्णिमा से दीवाली के बीच के पन्द्रह दिनों में।इसलिए वे अपने सँग ले आती हैं अपने मानस पुत्र गणेश जी को।
इसलिए दीवाली को लक्ष्मी गणेश की पूजा होती है।

**जय सियाराम,जय श्री गणेश जी**

**जय महालक्ष्मी जी, जय कुबेर जी**

कांग्रेस नेताओं ने मंत्री विजयवर्गीय से मुलाकात की

# नेहरू नगर की जर्जर बिल्डिंगों को तोड़कर हाईराइज बनाने की मांग, खतरनाक घोषित है बिल्डिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस नेताओं ने नेहरू नगर की जर्जर बिल्डिंगों को तोड़कर वहां हाईराइज बिल्डिंग बनाने के लिए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की है। कांग्रेस नेताओं ने मंत्री विजयवर्गीय से मिलकर मांग की है कि इन बिल्डिंगों को तोड़कर योजना के अनुसार हाईराइज इमारतें बनाई जाएं। यह जर्जर बिल्डिंगें किसी भी दिन हादसे का कारण बन सकती हैं।**

कांग्रेस नेता कमलेश पटेरिया और अन्य कांग्रेसियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात कर उन्हें नेहरू नगर की जर्जर बिल्डिंगों के फोटो दिखाए और जानकारी दी।



उन्होंने मंत्री को बताया कि यहां जल्द से जल्द हाईराइज इमारत बनाई जानी चाहिए और तब तक यहां रहने वाले लोगों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाना चाहिए। जब कृष्णमुरारी मोघे हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष थे, तब इन बिल्डिंगों को तोड़कर हाईराइज इमारत बनाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन एलआईजी के निवासियों ने इसका विरोध किया था। उस समय कुछ निवासियों ने तल मंजिल पर अवैध अतिक्रमण कर अपने फ्लैट का विस्तार किया था और उन्हें किराए पर दे रखा था, इसलिए वे इसे खाली नहीं करना चाहते थे। इस मामले में क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र हार्डिया ने भी कई बार दौरा कर निवासियों को समझाने की कोशिश की थी।

नेहरू नगर की ये बिल्डिंगें कई साल पुरानी होकर जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी हैं। यहां कई बार इमारतों के छज्जे गिर चुके हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। लेकिन न तो नगर निगम यहां कार्रवाई कर पा रहा है और न ही हाउसिंग बोर्ड। कुछ निवासी जबरदस्ती इन इमारतों में रह रहे हैं, जबकि कुछ अन्य मकानों में चले गए हैं। इसी तरह की स्थिति एलआईजी में स्थित बिल्डिंगों की भी है। वहां की एक बिल्डिंग को बोर्ड द्वारा खाली कराकर तोड़ दिया गया है, लेकिन अब तक वहां निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। इन जर्जर बिल्डिंगों का भविष्य क्या होगा, इसको लेकर हाउसिंग बोर्ड भी स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कह पा रहा है।

## अंतर्विद्यालयीन सामूहिक भजन प्रतियोगिता

### स्व. श्री मोरेश्वर वामन मोघे (दादा सा) की स्मृति में बाल निकेतन संघ में गूंजे भजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कहते हैं विचारों की भव्यता का कद हर ऊंचाई से बड़ा होता है महात्मा गांधी और विनोबा भावे के विचारों के अनुयायी ह्रदादा साहबद्व के नाम से लोकप्रिय स्व. श्री मोरेश्वर वामन मोघे (दादा सा) अपने विचारों और समाजसेवा के लिए जाने जाते हैं हर साल 18 अक्टूबर को दादा सा की स्मृति में पागनिसपागा स्थित बाल निकेतन संघ में खास आयोजन किए जाते हैं जहाँ सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा एवं उनके विचारों को दोहरा कर उन्हें याद किया जाता है

पिछले साल की ही तरह इस बार भी बाल निकेतन संघ में अंतर विद्यालयीन सामूहिक भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया' दादा सा की 21वी पुण्यतिथि पर शुक्रवार 18 अक्टूबर 2024 को संपन्न हुई इस भजन प्रतियोगिता में शहर भर से 18 विद्यालयों ने भाग लियो प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल, द्वितीय पुरस्कार लोकमान्य विद्या निकेतन, तृतीय पुरस्कार एडवांस एकेडमी ने प्राप्त किया। प्रोत्साहन पुरस्कार भवंस प्रॉमिनेन्ट स्कूल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध बांसुरी वादक एवं गायक चंचल जामदार, सेक्सोफोन वादक मनीषा यादव एवं गायिका गीतिका कुलकर्णी शामिल हुए जिन्होंने ने निर्णायक भूमिका निभाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को चलत मंजूषा, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और बाकी विजेता टीम को ट्रॉफी और सर्टिफिकेट दिए गए।

# निजी बोरिंग से भरे जा रहे थे टैंकर

### रहवासियों ने वीडियो बनाकर की थी शिकायत, हो गई कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एयरपोर्ट इलाके में नगर निगम ने एक प्राइवेट बोरिंग को सील किया है। कॉलोनी में रातभर बोरिंग चलने और टैंकरों की आवाजाही से लोग परेशान थे। रहवासियों द्वारा निगम अधिकारियों से इस मामले में शिकायत की गई थी। जिसके बाद ये एक्शन लिया गया है।**

जोन 16 के तहत आने वाले वार्ड 15 के शक्ति नगर में शिव मंदिर के पास रूपेश गोस्वामी नामक व्यक्ति द्वारा निजी बोरिंग से पानी निकालकर टैंकरों में भरकर इसे बेचा जाता है। इस संबंध में शक्ति नगर, बाबू मुराई कालोनी और पटेल नगर के रहवासियों द्वारा गोस्वामी के टैंकर का वीडियो बना कर अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा को भेजा गया था और शिकायत की गई। अपर आयुक्त ने खुद टीम भेजी और वीडियो ग्राफी करवाई तो टैंकर भरा हुआ मिला।



नगर निगम ने गोस्वामी को नोटिस भी जारी किए, लेकिन इसके बावजूद पानी की बरबादी बंद नहीं हुई। गुरुवार को अपर आयुक्त मिश्रा के निर्देश पर निगम के जल यंत्रालय विभाग के सहायक यंत्री ब्रिजमोहन भगोरिया, उपयंत्री प्रिंस कुमार, जोनल अधिकारी दीपक गरगटे के साथ मौके पर पहुंची और मोटर, केबल जब्त करने के साथ-साथ बोरिंग सील करने की कार्रवाई की।

### स्पीड ब्रेकर में डाल दिए तार

शक्ति नगर के रहवासियों के अनुसार बोरिंग से रातभर मोटर चलाकर पानी निकाला जाता था। टैंकर भरने के लिए अवैध लाइन भी बिछा रखी थी। अक्सर रात में टैंकरों में पानी भरा जाता था। कई बार टैंकर पूरा भराने के बावजूद बोरिंग बंद नहीं किया जाता। पानी सड़क पर बहता रहता था। इससे पूरी कालोनी में कीचड़ हो जाता था। स्पीड ब्रेकर बना कर उसमें बिजली कनेक्शन के लिए तार तक डाल दिए गए।

**निजी बोरिंग का व्यवसायिक उपयोग नहीं किया जा सकता। यह गलत है। शिकायत के बाद कार्रवाई की गई है।**

**- अभिलाष मिश्रा, अपर आयुक्त नगर निगम**

## बिजली कंपनी की एमडी ने देखा स्कॉडा, एनजीबी, ऊर्जस सिस्टम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की प्रबंध निदेशक (एमडी) सुश्री रजनी सिंह ने शुक्रवार को पोलोग्राउंड मुख्यालय स्थित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शाखा का निरीक्षण किया। उपभोक्ता सेवाओं को लेकर सूचना प्रौद्योगिकी शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। सुश्री रजनी सिंह ने डाटा सेंटर का अवलोकन किया। इस सेंटर में बिजली कंपनी के 60 लाख उपभोक्ताओं से जुड़ी जानकारी की करोड़ों जानकारी विवरण मौजूद है। उन्होंने बिजली कंपनी की ऊर्जस सेवाओं, उपभोक्ता सेवाओं का आईटी शाखा द्वारा किस तरह संचालन किया जाता है, इसका बारीकी से निरीक्षण किया। कम्प्यूटर पर बिल व विभिन्न उपभोक्ता सेवाओं की जानकारी देखी। स्काडा प्रणाली के माध्यम से आईटी सेंटर में बने कंट्रोल रूम में 33 केवी के फीडरों की जानकारी व रिटल टाइम लोड इत्यादि की जानकारी ली। एनजीबी, ईआरपी के संबंध में भी प्रबंध निदेशक ने विवरण प्राप्त किया। इस दौरान बताया गया कि इंदौर की टीम ने बिलिंग साफ्टवेयर स्वयं का बनाकर बिलिंग क्षेत्र में आत्म निर्भरता प्राप्त की है। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री श्री सुनील पाटौदी, उप महाप्रबंधक श्री गौतम कोचर, श्री आशीष तिवारी, श्री पारस जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## दिव्यांग बच्चों को योग एवं फिजियोथैरेपी से स्वस्थता का उपहार

**इंदौर।** संस्था संपूर्ण व्योम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा शुभम नगर स्कीम नंबर 51 में दिव्यांग बच्चों को योग एवं फिजियोथैरेपी से स्वस्थता का उपहार दिया जा रहा है। सोसायटी दिव्यांग बच्चों का मनोवैज्ञानिक तरीके से बौद्धिक,शारीरिक एवं रचनात्मक पहल के जरिए परिपक्व बना रही हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोडना है। अभी संस्था में 15 बच्चे डे केयर सेंटर में अध्ययन कर रहे हैं। वही चार बच्चे रहवासी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण का दायित्व प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रमिला चिरोटे प्रशिक्षण दे रही है। संस्था सचिव मनीष तिवारी एवं योग आचार्य वीरसिंह यादव ने बताया कि हम दिव्यांग बच्चों को विशेष शिक्षा नियमित, योग प्रशिक्षण, फिजियोथैरेपी के दौरान आत्मनिर्भर बनाने की ओर प्रयासरत है।

# आरटीओ के ऑनलाइन सिस्टम में आ रही दिक्कतें

### लाइसेंस का सर्वर कभी भी हो रहा बंद, 3 हजार से ज्यादा लाइसेंस अटकें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आरटीओ ऑफिस में सभी काम ऑनलाइन किए जा रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन काम शुरू होने से अब लोगों के साथ-साथ अधिकारियों को भी परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा समस्या लाइसेंस बनाने में आ रही है। इंदौर आरटीओ ऑफिस से मिली जानकारी के अनुसार, लाइसेंस के सर्वर 'सारथी' में बीते दो हफ्तों से काफी परेशानी हो रही है। लाइसेंस का सर्वर अचानक चलते-चलते बंद हो जाता है, जिससे लगभग तीन हजार लाइसेंस अटके हुए हैं। इसके कारण आवेदक और आरटीओ के अधिकारी, दोनों परेशान हैं।




आरटीओ का सारा काम लगभग दो साल से केंद्र सरकार के सारथी सर्वर पर किया जा रहा है, और तभी से यह समस्या आ रही है। कभी-कभी सर्वर ठीक चलता है, तो कभी किसी महीने समस्या उत्पन्न होती है। एजेंटों का कहना है कि इस महीने की शुरूआत से ही लाइसेंस से संबंधित कार्यों के लिए 'सारथी' सर्वर ठीक से काम नहीं कर रहा है। यह न तो पूरी तरह से बंद है, और न ही ठीक से काम कर रहा है। दिनभर में सिर्फ कुछ समय के लिए यह ठीक से काम करता है।

इसके लिए परिवहन विभाग के अधिकारी, एजेंट और आवेदक दिनभर सिस्टम के चालू होने का इंतजार करते रहते हैं। सर्वर काम करता हुआ दिखते ही आवेदक आवेदन करने लगते हैं, लेकिन कुछ समय बाद सर्वर फिर क्रैश हो जाता है। इसके कारण रोजाना आवेदकों के पैसे कट जाते हैं, पर काम नहीं हो पाता।

# रेसीडेंसी कोठी का नाम बदला,कांग्रेस नेता भड़के

**महाराष्ट्र चुनाव में वोट बैंक के लिए शिवाजी कोठी करने का आरोप,यह अहिल्याबाई होलकर का अपमान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कल हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक में रेसीडेंसी कोठी का नाम बदलकर शिवाजी कोठी (शिवाजी वाटिका) करने का प्रस्ताव पास हुआ है।**

शुक्रवार को हुई बैठक में नामकरण प्रस्तावों पर चर्चा में सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव रेसीडेंसी कोठी का ही था। इसे लेकर कांग्रेस ने बीजेपी पर हमला बोला है।

कांग्रेस नेता राकेश सिंह यादव का कहना है की महाराष्ट्र में होने वाले चुनाव को देखते हुए यह किया गया है। वहां के वोट बैंक के लिए रेसीडेंसी का नाम बदलकर शिवाजी कोठी रखा गया है। यह देवी अहिल्या की उपेक्षा है। बता दें कि अंग्रेज शासन काल में यह कोठी मालवा-निमाड में ब्रिटिश सत्ता का केंद्र थी। इसका निर्माण लगभग 204 वर्ष पहले किया गया था। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव ने सोशल मीडिया नेटवर्क एक्स पर नामकरण के विरोध में पोस्ट करते हुए लिखा है कि इंदौर में रेसीडेंसी कोठी का नामकरण देवी अहिल्या रेसीडेंसी कोठी रखना था। इंदौर विकसित करने में होलकर राजाओं का सर्वाधिक योगदान हैं। देवी अहिल्या बाई होलकर की उपेक्षा की गई है। महाराष्ट्र चुनाव में वोट बैंक के लिए शिवाजी के नाम पर नामकरण किया गया है।

वहीं इस पूरे मामले को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस का कहना है की हम अभी नामकरण मामले को समझ रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान से बात कर आगे क्या करना है इस बात कि निर्णय लेंगे। बता दें की कल बैठक में परिषद द्वारा रेसीडेंसी कोठी के अलावा अन्य चौराहों और बगीचों के नामकरण को भी स्वीकृति दी गई है। फूटी कोठी ब्रिज का नाम सेवालाल महाराज ब्रिज और भंवरकुआं चौराहा टंट्या भील चौराहा रहेगा।

## विहिप प्रचारक को पाकिस्तान से मिली धमकी

**फोन पर कहा- मौत की सजा मिलेगी, पुलिस से की शिकायत, सुरक्षा की मांग**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विश्व हिन्दू परिषद के संपर्क प्रचारक संतोष शर्मा को इस बार पाकिस्तान से धमकी मिली है। इसे लेकर उन्होंने पुलिस को शिकायत की है। साथ ही सुरक्षा की मांग की है।शर्मा का कहना है कि, उन्हें 16 अक्टूबर की शाम को पाकिस्तान के नंबर से फोन आया। इसमें किसी व्यक्ति ने अरबी में उर्दू जैसे शब्द बोले और कहा कि जो भी हमारे धर्म के खिलाफ होगा उसकी सजा मौत होगी। शर्मा का कहना है कि उन्हें ऐसे धमकी भरे कॉल पहले भी मिल चुके हैं। उन्होंने खुद के और परिवार की सुरक्षा पर चिंता जताई है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर को दिए आवेदन में उन्होंने सुरक्षा की मांग की है। गौरतलब है कि शर्मा अब तक 12 से ज्यादा अधिक मुस्लिमों परिवारों की घर वापसी करा चुके हैं। एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

## प्रिंसिपल के खिलाफ पत्नी ने की दहेज यातना की शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिया पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी के प्रिंसिपल के खिलाफ दहेज प्रताडना का मामला दर्ज किया है। प्रिंसिपल के पिता और बहने भी मामले में आरोपी बनी है। सभी पर यातना देने का आरोप है। लसूडिया पुलिस थाने में राखी श्रीवास्तव निवासी डीबी प्राईड तलावली चांदा की शिकायत पर उनके पति डॉक्टर प्रशांत श्रीवास्तव ,ससुर राधेश्याम श्रीवास्तव, ननद कल्पना पति राधेश्याम श्रीवास्तव और मीनाक्षी श्रीवास्तव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। डॉ प्रशांत के बारे में उनकी पत्नी ने बताया कि वह अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी के प्रिंसिपल हैं। इंदौर में ही पदस्थ है। उनकी शादी को 10 साल हो गए हैं। दो बच्चे भी हैं, शादी के बाद से ही लगातार पति और ससुराल वाले दहेज के लिए यातनाएं दे रहे थे। उन्हें आत्महत्या के लिए भी कई बार उकसाया। महिला ने आरोप लगाया की ननद उनके घर आती और पति को लगातार उकसाती रहती थी। परेशान होकर साल भर से वह अलग रह रही है।

**कटाक्ष**




ⓒwww.detectivegroupreport.com

### पानी के टैंकर में शराब तस्करी, 81 पेटी जब्त

**इंदौर।** पीथमपुर पुलिस ने 15 लाख रुपए से अधिक मूल्य की अवैध शराब जब्त की है। थाना प्रभारी राजेंद्र सोनी ने बताया कि गुरुवार देर शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। पुलिक करने नाकाबंदी कर एक पानी टैंकर को रोक कर तलाशी ली। इस दौरान टैंकर में पानी की जगह करीब 81 पेटी विदेशी शराब मिली। पुलिस ने ट्रैक्टर के ड्राइवर दीपक पिता भैरो सिंह डाबर (उम्र 19 वषज) और उसके साथी कालू रावत को हिरासत में लिया और ट्रैक्टर-टैंकर को जब्त किया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे ट्रैक्टर में शराब को इंदौर से जोबट ले जा रहे थे।

### तस्कर पकड़ाया

**इंदौर।** एसटीएफ ने राऊ के पास से तस्कर को पकड़ा। उसके पास से 8 पिस्टल, 21 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि आरोपी संग्राम सिंह निवासी यूपी को मनावर से घातक हथियार खरीदकर उत्तरप्रदेश और बिहार में बेचने के लिए आया है। इस गिरफ्तारी के पीछे की कहानी ये है कि संग्राम सिंह को पहले भी 2023 में यूपी एसटीएफ ने अवैध हथियार तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था।

## लोगों की परेशानी देख मदद की इच्छा हुई

**मामला सडक पर पड़े मलबा उठाने का**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वाहन चालकों को परेशानी को देखते हुए उनकी मदद का भाव मन में जागा तो फावड़ा उठाकर मलबा साफ कर दिया। इसके पहले भी वे इस तरह का श्रमदान कई जगह कर चुके हैं। यह कहना है कि ट्रेफिक आरक्षक राजेश देवड़ा का। उन्होंने बताया कि बुधवार दोपहर 12 से रात 8 बजे तक उनकी ड्यूटी इंडस्ट्री हाउस पर थी। यहां सडक़ किनारे निगम के ठेकेदार ने मलबा छोड़ दिया था। मलबे के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी आ रही थी। खासकर, कार चालक निकल नहीं पा रहे थे। कार रेंगती हुई चलने से एलआईजी चौराहा तक जाम लगने रहा था। तभी सोचा कि इस तरह कई घंटों तक सडक़ पर खड़े रहकर ट्रेफिक व्यवस्थित करना मुश्किल हो जाए। इसी को देखते हुए मन में ख्याल आया कि क्यों न मलबा ही हटा दिया जाए। उधर, आरक्षक के इस अनुकरणीय कार्य की पुलिस उपायुक्त अरविंद तिवारी ने सराहना कर उन्हें नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। यही नहीं उनका नाम आफिसर्स आफ वीक में भी दर्ज किया है। इसमें आगामी रविवार को उनका सम्मान किया जाएगा।

## शराबी ने बेटी को पीटा, राहगीरों से भी किया विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शराबी ने जमकर हंगामा मचाया। पहले वह घर पर पत्नी और बेटी से झगड़ा और बेटी को घायल कर दिया। जब घायल बेटी को पत्नी अस्पताल लेकर आई तो वहां पर भी पहुंच गया और आने-जाने वालों से लड़ता रहा। दुर्गा भालसे (18) निवासी तिरुपति नगर नयापुरा की शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने उमेश भालसे के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि घर पर थी। मेरे पापा उमेश शराब पीकर घर आए। मां सुनीता को खाना देने की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। मां को बोले की आज तूने खाना नहीं दिया तो जान से खत्म कर दूंगा। उसने गाली-गलौज करने से मना किया तो पापा उमेश ने मुझे धक्का दे दिया, जिससे मेरा सिर दीवार पर लगा। जिससे मुझे सिर पर चोट लगकर खून निकलने लगा। मां सुनीता चोट के इलाज के लिए अस्पताल लेकर गईं। उसके पिता शराब के नशे में होने के कारण अस्पताल के सामने भी आने-जाने वालों के साथ झगड़ा करने लगे। इस दौरान गिरने पडऩे से भी उन्हें भी चोटे आई हैं। इलाज के बाद में वह थाने पर पहुंची और अपने पिता के खिलाफ केस दर्ज कराया है।

## अवैध पटाखों का गोदाम पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस ने अवैध पटाखों का एक गोदाम पकड़ा है। मामले में विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। दीपावली से पहले एहतियातन पुलिस ने अपने क्षेत्र में सर्चिंग की तो पटाखे जब्त हुए। मल्हारगंज थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक मुकेश चौहान की शिकायत पर आरोपी वैभव मित्तल पिता नरेंद्र मित्तल निवासी बाबू मुराई कॉलोनी एयरपोर्ट रोड के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने दास बगीची के गेट के सामने अग्रवाल के गोदाम में तलाशी ली थी । यहां पर सुतली बम,फूलझड़ी,रॉकेट, अनार से भरे हुए लगभग 52 कार्टून पुलिस को मिले हैं। जब्त पटाखे की कीमत 50 हजार से ज्यादा है। आरोपी वैभव मित्तल से पटाखा विक्रय का लाइसेंस मांगा तो वह नहीं बता पाया। उसके बाद पुलिस ने पटाखे जब्त कर केस दर्ज किया है।

## हरकत कर रहे पिता को नाबालिग ने डंडे से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गांधी नगर इलाके में रहने वाला एक दरिंदा पिता घर में 14 साल की बेटी से हरकत करने लगा। बच्ची ने तभी डंडा उठाया और पिता के मुंह पर दे मारा। शाम को मां के आने पर जानकारी दी और पिता को गिरफ्तार करवाया। एसीपी रुबीना मेजबानी ने बताया कि घटनाक्रम गुरवार दोपहर का है। कक्षा 8 में पढऩे वाली 14 साल की एक बच्ची मां के साथ गांधीनगर थाने पहुंची थी। बच्ची ने बताया कि उसकी मां मजदूरी करके घर चलाती है। पिता कुछ काम नहीं करता है। शराब पीकर घर में पड़ा रहता है। रोज की तरह बच्ची दोपहर में स्कूल से घर लौटी तब मां काम पर और भाई स्कूल गया था। वह घर आई तो पिता नशे में धुत था। वह हरकत करने लगा तो उसे सबक सिखाकर मां को पूरी घटना बताई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**राज्य सरकार बनाने जा रही है आकर्षक फार्मा पॉलिसी:मुख्यमंत्री**

# मध्यप्रदेश 160 से अधिक देशों को निर्यात कर रहा दवाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में केमिकल, फार्मा, पेट्रो-केमिकल और प्लास्टिक जैसे उद्योगों के लिए बेहतरीन इको-सिस्टम विद्यमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीना में भारत पेट्रोलियम की 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक की पेट्रो-केमिकल परियोजना का भूमि-पूजन किया गया। जिसका कार्य आरंभ हो गया है। प्रदेश में 35 हजार करोड़ की गेल इंडिया की वृहद पेट्रो-केमिकल परियोजना का काम तेजी से जारी है। इससे 25 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।**




प्रदेश में केमिकल और पेट्रो-केमिकल क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख कंपनियां कार्यरत हैं। प्रदेश में 275 फार्मा यूनिट्स स्थापित हैं। जिनसे 160 से अधिक देशों को दवाएं निर्यात हो रही हैं। दवा निर्यात में मध्यप्रदेश का देश में चौथा स्थान है। वर्ष 2023-24 में 11 हजार 889 करोड़ रुपये के फार्मा प्रोडक्ट का एक्सपोर्ट हुआ है। इस क्षेत्र में और अधिक निवेश आकर्षित करने तथा गतिविधियों को विस्तार देने के लिए राज्य सरकार आकर्षक फार्मा पॉलिसी बनाने जा रही है। हम एक फ्यूचर रेडी स्टेट हैं, रसायन और उर्वरक के क्षेत्र में राज्य सरकार के प्रयास, आने वाले समय में विकास की नई कहानी लिखने वाले हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुंबई में इंडिया केम- 2024 के 13वें संस्करण को संबोधित कर रहे थे।

## ◆ केमिकल एंड पेट्रो-केमिकल स्ट्रेटजीज पर नॉलेज पेपर का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन व उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा के साथ ह्इंडिया केम-2024 एडवांटेज भारत : इंडियन केमिकल्स एंड पेट्रो-केमिकल्स पेविंग द फ्यूचरह्व के 13वें द्वि-वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं रसायन-उर्वरक राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र रजनीकांत पटेल, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी सहित फिक्की के पदाधिकारी और विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैटालाइजिंग इंडिया ऑन केमिकल एंड पेट्रो-केमिकल स्ट्रेटजीज फॉर ग्लोबल इंटीग्रेशन एंड ग्रोथ विषय पर फिक्की और अर्नेस्ट एंड यंग द्वारा तैयार नॉलेज पेपर के विमोचन में शामिल हुए।

## पूर्व पार्षद गुड्डू कलीम की हत्या में समधी नासिर लाला भी था शामिल

### हत्या का आरोपी बेटा और उसका साथी गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, निप्र।** बहुचर्चित गुड्डू कलीम हत्याकांड का अब पूरी तरह से खुलासा हो गया है। दानिश और सोहराब की गिरफ्तारी के साथ ही वह नाम भी सामने आ गया जिसने इस नृशंस हत्याकांड की साजिश रची थी। पुलिस ने मुख्य आरोपियों को अजमेर से गिरफ्तार कर लिया है। वह रिवॉल्वर भी जप्त कर ली गई है जिससे हत्या को अंजाम दिया गया था। साजिशकर्ता से पिछले कुछ दिन से ही पूछताछ चल रही थी।

एसपी प्रदीप शर्मा ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि गुड्डू कलीम की हत्या की साजिश रचने में पत्नी नीलोफर,बेटे दानिश,आसिफ और आसिफ ससुर मोनू उर्फ नासिर लाला भी शामिल था। हत्याकांड के बाद से दानिश और सोहराब फरार हो गए थे। नासिर इनकी पूरी मदद कर रहा था। करीब 25-30 लोगों से पुलिस की टीम लगातार पूछताछ कर रही थी। कुछ सुराग मिले जिसमें यह सामने आया कि नासिर भी हत्याकांड का वह किरदार है जिसने इस पूरे प्रकरण में अपनी भूमिका निभाई। जब नासिर से पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करता रहा। पुलिस को गुमराह करने में उसने कोई कसर नहीं छोड़ी। जब पुख्ता सबूत मिल गए तब पुलिस ने उस पर न सिर्फ शिकंजा कसा बल्कि वह सुराग भी मिल गए जिसके मार्फत पुलिस दानिश और सोहराब तक पहुंच सकी। दानिश और सोहराब अजमेर में थे। पुलिस की टीम पिछले दो दिन से वहां लगी हुई थी। दानिश और सोहराब इस गलतफहमी में थे कि अन्य राज्य में पुलिस उन तक नहीं पहुंच पाएगी। पुलिस की टीम ने घेराबंदी की और दोनों को हिरासत में ले लिया।

# बुधनी विजयपुर उपचुनाव की अधिसूचना जारी

### अब प्रत्याशियों के नाम का इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, (निप्र)।** मध्य प्रदेश की 2 विधानसभा सीटों बुधनी -विजयपुर में होने जा रहे उपचुनाव का श्रीगणेश शुक्रवार 18 अक्टूबर से हो गया है। चुनाव आयोग द्वारा घोषित किए गए कार्यक्रम के अनुसार नामांकन जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 25 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इधर दोनों ही सीटों पर प्रमुख दल बीजेपी और कांग्रेस ने अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान नहीं किया है।

चुनाव आयोग द्वारा विजयपुर और बुधनी सीट के उपचुनाव के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार उपचुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। 25 अक्टूबर को नामांकन जमा करने की आखिरी तारीख है, जबकि 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते हैं। 13 नवंबर को मतदान होगा,




जबकि 23 नवंबर को रिजल्ट आएंगे।

### शिवराज के हटने से आसान नहीं राह

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधनी विधानसभा सीट से लगातार 5 बार विधायक रहे, जबकि एक बार वह पहले भी इस सीट से विधानसभा का चुनाव जीत चुके हैं। सीएम रहते हुए यहां चुनाव लड़ने पर बीजेपी इस सीट को काफी आसान मानती चली आई है। प्रत्याशी रहते हुए शिवराज सिंह चौहान प्रचार करने भी नहीं जाते थे और रिकार्ड जीत दर्ज करते थे, लेकिन अब शिवराज सिंह चौहान के हटने के बाद हो रहा उपचुनाव बड़ा रोचक होने की उम्मीद है। इसी के चलते कांग्रेस भी यहां ऐड़ी चोंटी का जोर लगाने पर तुली है।

### कांग्रेस के पास 4 तो बीजेपी के पास 6 दावेदार

बीजेपी व कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन में जुटी हुई है। कांग्रेस की ओर से अरुण यादव, सज्जन सिंह और शैलेन्द्र पटेल पर उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी है। बताया जा रहा है इस टीम ने चार नाम की पैनल बनाई है। जिसमें राजकुमार पटेल, महेश राजपूत, अजय पटेल और विक्रम मस्ताल शामिल हैं। इधर बीजेपी के पास आधा दर्जन नामों की पैनल हैं। जिसमें कार्तिकेय सिंह चौहान, पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुनाथ सिंह भाटी का नाम चर्चाओं में बना हुआ है।

# सिंहस्थ भूमि से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**अल सुबह शुरू की कार्वाई, मदीना कॉलोनी के 80 मकान तोड़े, घर पर जेसीबी चलती देख महिला हुई बेहोश**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र। जिला प्रशासन ने शुक्रवार को सिंहस्थ क्षेत्र के बड़े इलाके से कब्जा हटाने की कार्वाई शुरू की। अल सुबह 6 बजे नगर निगम और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने करीब 80 मकान,10 गोदाम और दुकानों पर कार्वाई की हैं।**

आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 को आयोजित होगा इसको लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्वाई की है। उज्जैन शहर के जूना सोमवारिया स्थित मदीना कॉलोनी के 90 से अधिक रहवासियों को नगर निगम ने नोटिस थमाने के बाद सुबह से उनके अवैध निर्माणों को तोड़ने की कार्वाई शुरू की गई। कार्वाई के दौरान एक महिला बेहोश हो गई,उसे तुरंत प्राथमिक इलाज देकर दूसरी जगह शिफ्ट किया गया।




एडीएम अनुकूल जैन ने बताया कि सिंहस्थ भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए जिला प्रशासन ने शुक्रवार अल सुबह से ही बड़ी कार्वाई को अंजाम दिया। यहां करीब 80 परिवार ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। इस भूमि पर सिंहस्थ मेले के दौरान कई बड़े शिविर लगते हैं। इस भूमि में रहने के लिए लोगों ने मकान और गोदाम बना लिए थे,जिनमें लकड़ी एवं अन्य सामग्री भरी हुई थी इन सबको हटाने के लिए नगर निगम जेसीबी और पोकलेन मशीन के साथ अवैध निर्माण की हटाने की कार्वाई की है। इस कार्य में नगर निगम,जिला प्रशासन और पुलिस की टीम शामिल थी। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से काबिज इस अतिक्रमण को हटाने की योजना चल रही थी लेकिन कुछ मामलों में न्यायालय का स्टे होने के कारण पूर्व में कार्वाई रुक गई थी इसलिए ऐसे मामले को छोड़ कर पूरे इलाके की जमीन को खाली करने का अभियान शुरू हो गया है।

### भारी पुलिस बल के साथ की कार्वाई

एएसपी नितेश भार्गव ने बताया कि अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्वाई का किसी ने भी विरोध नहीं किया है। इस कार्वाई में एएसपी,2 डीएसपी,6 थानों के टीआई,10 सब इंस्पेक्टर, 25 महिला पुलिस के साथ ही करीब 120 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी दल में शामिल थे।


कार्वाई से पहले पुलिस काफी देर तक लोगों का रिएक्शन देखती रही। तहसीलदार रूपाली जैन के निर्देश पर गैंग ने अतिक्रमण तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान दोनों ओर से वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया था।

## संपादकीय

# सरकार कब देगी जवाब

इससे बडी विडंबना क्या होगी कि बिहार में कानूनी रूप से शराबबंदी है, फिर भी लोग शराब पीकर मर रहे हैं। राज्य में एक बार फिर में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत से यह सवाल उठ रहा है कि आमजनों तक शराब पहुंचती कैसे है और जो लोग चोरी-छिपे शराब का कारोबार करते हैं, उन पर आबकारी विभाग शिकंजा क्यों नहीं कसता। अप्रैल 2016 में राज्य में शराब निर्माण, परिवहन, बिक्री और खपत पर पूरी तरह रोक लगा दी गई थी। शराब बेचने और पकडे जाने पर सजा का भी प्रावधान रखा गया। फिर भी शराब माफिया बेखौफ हैं तो जाहिर है कि शराब की शक्ल में जहर बेचने से उनको कोई नहीं रोक रहा। अरसे से शराबबंदी के बावजूद घरों तक या हाट-बाजार में शराब पहुंच रही है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? गौरततलब है कि सीवान और सारण जिले के कई गांवों में शराब पीने से छब्बीस से अधिक लोगों की मौत के बाद मातम पसरा है। कई लोगों का अस्पतालों में उपचार चल रहा है। कुछ की आंखों की रोशनी चली गई और चालीस से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। सवाल है कि कुछ गिरफ्तारियों का दावा कर क्या पुलिस और जिला प्रशासन अपने दायित्व से मुक्त हो सकता है? जहरीली शराब से मौत का तांडव दो दिन पहले शुरू हुआ जब हाट से लोगों ने शराब खरीद कर पी। फिर मंगलवार से बुधवार रात तक लोगों के मरने का सिलसिला जारी रहा। बताया गया कि पीडितों ने मेले में बिक रही थैली वाली शराब पी। इतनी बडी घटना को रोका जा सकता था, अगर पुलिस-प्रशासन शराबबंदी को लेकर पहले से सजग रहता। हालांकि सब कुछ घट जाने के बाद उच्चस्तरीय जांच की बात कही गई है, लेकिन हाट में शराब की थैलियां कैसे बिक रही थीं, इस सवाल का जवाब कौन देगा? राज्य में शराब से लोगों की मौत की यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन राज्य में शराब पीने से मौत और इसके अलावा भी कुछ नकारात्मक वजहों से बिहार सुर्खियों में रहता है। हर बार सरकार की ओर से सख्त कार्रवाई करने का रटा-रटाया आश्वासन सामने आता है। इस पर सरकार कितनी गंभीर होती है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कुछ समय बाद फिर शराब पीकर लोगों की मौत की खबर सामने आ जाती है।

॥ कथामृतम् ॥



पू. मोरारी बापू

# थोड़ा तप जरूरी है परिवार में..!

पल पल जीवन बह रहा है... नूतन बने रहो ...मैं रोज़ आकर के मेरी पोथीजी के वस्त्र बदलता हूँ ... 24 घंटे में ये वस्त्र मैला नहीं होता है... लेकिन ये मेरा संकेत है कि रोज़ नया वस्त्र... यानि रोज़ नए होओ ... युवान भाई बहन रोज़  ताज़े तरोज़े... सुबह उठो तो तुम दूसरे लगने चाहिए... कथा से तुम घर जाओ तो परिवार वाले तुमसे मोहब्बत करने लगे... प्यार में पड़ जाए कि ओह ...ये कैसा सुंदर होकर आया है...

कथा तुम्हारा श्रृंगार कर रही है ..ये बहुत जरूरी है... ताज़े रहो... तरोज़े रहो...ये आवश्यक है...

परिवार में यदि तू तू ... मैं मैं... बंद करना है तो दो-तीन वस्तु परिवार वाले समझें ... एक तो सबके विचारों को आदर दो...बाप बोलता है तो बेटा आदर दे... बेटा बोलता है तो बाप को भी चाहिए कि ताज़ा तरोज़ा... उसके विचार को आदर दे ...स्वीकार करो सबका... वहां अहंकार बीच में आए... मैं बाप हूँ.... तेरा भी कोई बाप था...बाप बाप क्या कर रहा है ...

पति कुछ पत्नी से कह दे... तो पत्नी कहती है... हमने कंगन पहने हैं इसलिए दबा रहे हो ?..हम चंडी हैं ...ये जो अहंकार बीच में बाधा डाल रहा है...

माता-पिता बच्चे... ऐसे प्यार से जियो ना यार कथा सुनने के बाद ...तुम्हारे घर में कलह क्यों है ?... एक दूसरे का अहंकार... इस गुफा से बाहर आओ ...

घर में थोड़ा तप लाओ ...अतिशय सुखी लोगों की संतान... क्योंकि उसको जन्मते ही सुख मिला है... इसलिए कोई रौनक नहीं... कोई तेज नहीं... और अभाव का आनंद जिसने लिया वो तेज का अंबार हो जाता है... थोड़ा तप जरूरी है परिवार में ...थोड़ी हवा जरूरी है....

(राम कथा - मानस कंदरा से साभार सहित संपादन@ पुष्पेंद्रपुष्प)

## Rajasthan

# एयर इंडिया फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, दुबई से जयपुर आ रहा था विमान; 189 यात्री थे सवार

**जयपुर, (एजेंसी) जयपुर हवाई अड्डे पर एक बार फिर से विमान में बम की धमकी के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। शुक्रवार रात को एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX 196 का यह मामला है। जब दुबई से रात 12:45 बजे जयपुर आने वाले विमान को फुल इमरजेंसी में लैंडिंग करवाई गई। दुबई से रात 12:45 बजे जयपुर आने वाली इंटरनेशनल फ्लाइट में बम की धमकी के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया गया।**

यह विमान रात 1:20 बजे दुबई से जयपुर पहुंचा। जहां इसकी फुल इमरजेंसी में लैंडिंग करवाई



गई। विमान में कुल 189 यात्री सवार थे। लैंडिंग के बाद सुरक्षा बलों ने गहनता से विमान की जांच की। हालांकि जांच के दौरान विमान की गहनता से तलाशी करने पर कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

बता दें कि कुछ दिनों से जयपुर एयरपोर्ट पर आने वाली उड़ानों में लगातार विस्फोटक होने की धमकियां मिल रही है। कुछ दिनों पहले 15 अक्टूबर को भी जयपुर से जुड़ी दो उड़ानों समेत देश भर में 5 फ्लाइट्स में बम थ्रेट मिला था। जिसमें सोशल मीडिया के जरिए फ्लाइट में बम होने की थ्रेट दी गई थी।

## New Delhi

# दिल्ली में गहरा रहा सांसों पर संकट, AQI पहुंचा 300 के पार, छाई धुंध की चादर



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी में सर्दी शुरू होने से पहले ही हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को सांस लेने में और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अक्षरधाम और आसपास के इलाकों में धुंध की एक परत छा गई है। जिससे इलाके का एक्यूआई 334 तक पहुंच गया है। जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार बहुत खराब श्रेणी में रखा गया है।

वहीं, आईटीओ क्षेत्र में धुंध की एक पतली परत छाई है। जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक 226 पर पहुंच गया है। जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार खराब श्रेणी में रखा गया है। इंडिया गेट इलाके में एक्यूआई 251 पर पहुंच गया। भीकाजी कामा प्लेस इलाके में एक्यूआई 273 दर्ज किया गया है। वहीं, एम्स क्षेत्र के पास धुंध की एक पतली परत दिखाई दे रही है तथा आसपास के क्षेत्रों में एक्यूआई 253 पर पहुंच गया है। दिल्ली में रहने वाले एक शख्स ने कहा कि पिछले दो दिनों से प्रदूषण बढ़ गया है जिससे काफी समस्याएं पैदा हो रही हैं। सरकार को प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए।' राजधानी में प्रदूषण के 13 हॉटस्पॉट हैं। यहां प्रदूषण कम करने के लिए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने समन्वय समितियां बनाई हैं। उन्होंने शुक्रवार को संबंधित विभागों के साथ बैठक की।

## Chhattisgarh

# रायपुर में 13 किलो सोने के साथ बस स्टैंड से तीन लोग गिरफ्तार

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस ने बस स्टैंड पर तीन लोगों से 8 करोड़ रुपये के सोने का आभूषण बरामद किया है. पुलिस ने बताया कि ये तीनों व्यक्ति एक बस में सवार थे, जिन्हें सुबह के वक्त अचानक की गई चेकिंग के दौरान रोका गया था.

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने आरोपियों की पहचान शहर के पुरानी बस्ती क्षेत्र के रहने वाले लिंगराज नायक (34), हितेश टांडी (27) और शुभम पात्रो (28) के रूप में की है. ये सभी रायपुर के निवासी हैं.

पुलिस के मुताबिक, जब इन तीनों से 12.800 किलोग्राम सोने के आभूषणों के संबंध में दस्तावेज मांगे गए, तो वो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके. इस पर पुलिस ने आभूषणों को जब्त कर लिया, जिनकी कीमत करीब 8 करोड़ रुपये आंकी गई है.

सीएसपी देवांगन ने कहा कि तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और जब्त किए गए आभूषणों को आगे की कार्रवाई के लिए आयकर विभाग को सौंप दिया गया है. यह घटना रायपुर सिटी साउथ विधानसभा क्षेत्र में हुई है, जहां 13 नवंबर को उपचुनाव होने हैं.

## Maharashtra

# मुंबई के पूर्व मेयर दत्ता दलवी पर हमला... सड़क पर रखी सब्जी की क्रेट हटाने पर हुआ था विवाद

**मुंबई, (एजेंसी) मुंबई के पूर्व मेयर दत्ता दलवी पर विक्रोली इलाके में हमला कर दिया गया. आरोप है कि दलवी पर हमला एक ठेलेवाले ने किया. उन्होंने कहा कि यह घटना कन्नमवार नगर स्थित स्टेशन रोड पर हुई. फिलहाल इस मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है.**



एजेंसी के अनुसार, दलवी शिवसेना (यूबीटी) के सीनियर लीडर हैं और दस वर्षों तक इस इलाके के नगरसेवक रहे हैं. शिकायत में दत्ता दलवी ने कहा कि ठेलेवाले ने 45 फीट चौड़ी सड़क पर दो खाली सब्जियों के क्रेट रख दिए थे, जिससे यातायात बाधित हो रहा था. जब उनकी नजर पड़ी तो उन्होंने क्रेट उठाकर फुटपाथ पर एक दुकान के सामने रख दिए. इसी बात को लेकर ठेलेवाले ने गाली गलौज शुरू कर दी और हमला कर दिया. घटना के बाद दत्ता दलवी ने विक्रोली पुलिस स्टेशन में ठेलेवाले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने कहा कि ठेलेवाले अक्सर सड़कों पर रुकावटें बनते हैं, जिससे पैदल यात्रियों को भारी परेशानी होती है. दलवी ने कहा कि मुंबई की सड़कों पर ऐसे अतिक्रमण से निपटने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. घटना की शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस वायरल हो रहे वीडियो की जांच में जुटी है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि ठेलेवाले की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

## खेल

# पीवी सिंधू का सफर क्वार्टर फाइनल में थमा, डेनमार्क ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त हुई

**ओडेन्से।** भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का सफर शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सिंधू महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया टुनजंग से हार गईं जिससे डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। 29 वर्षीय सिंधू करीब एक घंटे तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 9-21 से पराजित हो गईं।




इंडोनेशिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी टुनजंग ने पूरी तरह मैच में दबदबा बनाया, हालांकि सिंधू फिर भी दूसरा गेम जीतने में सफल रहीं। अब पांचवीं वरीयता प्राप्त टुनजंग का सामना सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय दक्षिण कोरिया की एन से यंग से होगा। टुनजंग ने पहले गेम में लगातार आठ अंक जुटाने के बाद इसे आसानी से अपने नाम कर लिया। लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीय चीन की हान युए को हराकर उलटफेर करने वाली सिंधू दूसरे गेम में बिलकुल बदली हुई नजर आईं और 6-1 से आगे हो गईं। उनकी प्रतिद्वंद्वी ने इसे 6-6 से बराबर कर लिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 9-7 से बढ़त हासिल कर ली।

सिंधू ने फिर इसे 11-10 कर दिया। वह आसानी से 19-15 से आगे चल रही थीं और जल्द ही 21-16 से जीत कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि, निर्णायक गेम में वह लय जारी नहीं रख सकीं और टुनजंग ने वापसी करते हुए मैच जीत लिया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पेरिस खेलों से खाली हाथ लौटीं थीं जिसके बाद से यह सत्र उनके लिए निराशाजनक ही रहा है।

## सिनेमा

# Stree 2 की सक्सेस क्रेडिट वॉर पर श्रद्धा कपूर ने तोड़ी चुप्पी, पार्ट 3 पर दिया ये अपडेट



राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी। हालांकि, फिल्म की तारीफ करने के साथ-साथ दर्शकों के बीच इस बात को लेकर बहस हो गई थी कि फिल्म की सफलता का क्रेडिट किसे दिया जाना चाहिए। दर्शकों की बहस के बीच अपारशक्ति खुराना का एक बयान भी वायरल हुआ था। अपारशक्ति से जब फिल्म की सफलता के क्रेडिट को लेकर बात हुई तो उन्होंने कहा था, 'मैं इसपर कुछ बोलुंगा, बात खुलेगी तो दूर तक जाएगी. मैं कुछ बोलना नहीं चाहूंगा. ऑडियन्स जो कहे वो सही है।' अब एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने इस बहस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।

इंडियन एक्सप्रेस की स्क्रीन मैगजीन लॉन्च इवेंट पर पहुंचीं श्रद्धा कपूर से पूछा गया कि उन्हें क्या लगता है कि फिल्म की सफलता का क्रेडिट किसे दिया जाना चाहिए। इसपर एक्ट्रेस ने कहा कि हर चीज की शुरुआत स्त्री पार्ट की सफलता से हुई। उन्होंने कहा, 'डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर को दूसरा पार्ट बनाने के लिए हैट्स ऑफ। बस सीक्वल बनाने के लिए सीक्वल बनाना जरूरी नहीं है, आपको दर्शकों को थिएटर तक लाने के लिए और असली तारीफ पाने के लिए आधार की जरूरत होती है।'

## Highlights

1. **Maha Congress leaders not capable of taking decisions: Raut on MVA seat-sharing**
2. **Journalist's pic shared as Bahraich violence victim's, he calls it 'criminal negligence'**
3. **19 BJP MLAs seek Manipur CM Biren Singh's removal, write to PM**
4. **Things should not be stretched: Thackeray on Patole-Raut feud**
5. **Zeeshan Siddique's pic found in phone of accused in Baba Siddique murder case**

# Billionaire Nikhil Kamath buys his first house, putting an end to renting vs buying debate

**NEW DElHI, (Agency).** After denouncing the idea of buying a house and instead favouring to rent a place, Zerodha co-founder Nikhil Kamath has revealed that he has finally given in to the idea and bought a house.

In the latest episode of his podcast "WTF is with Nikhil Kamath", Kamath reignited the buying vs renting debate with Irfan Razack, Chairman & MD of Prestige Group, Nirupa Shankar, Executive Director at Brigade Group, and Karan Virwani, CEO of WeWork India.

Known for favouring renting, Kamath shared the one disadvantage of renting a house. "The thing with renting, of all the advantages of renting, there is one disadvantage: you don't have foresight as to when you can move out of the house. I had to move out of this house, whereas I might have liked to stay longer in this house," he said. (Also read: Most Indians are 'one hospitalization away from bankruptcy,' Nithin Kamath warns)



When asked if he thinks buying a house can add to his financial strength, Kamath said he hated the illiquid nature of real estate.

'Real estate is illiquid'

"I feel something like gold can give that to me. I hate the illiquid nature of real estate. Places like this have fewer buyers and if 10 people decide to sell then price goes haywire and pricing is very arbitrary in nature. Stock market in comparison has to have more people. If in a certain company, one million people decide to sell, then it will make significant difference," he said. (Also read: Nikhil Kamath on running Zerodha with brother Nithin: 'Egos come into play...')

The Zerodha co-founder also shared his displeasure over paying stamp duty that the government levies on the price of the property. "In stock market, I can buy and sell without paying 5% to 6% stamp duty," he said.

# Amazon employees publicly gripe about its work culture on LinkedIn

**NEW DElHI, (Agency).** Amazon.com Inc. workers' complaints about company culture — a frequent sight on anonymous and internal forums — turned public this week with a popular LinkedIn post that struck a chord with current employees.

The post, by former Amazon worker Stephanie Ramos, criticized bureaucracy at the company. "Instead of the exciting, fast-paced environment I remember, I experienced a place bogged down in pointless meetings and middling middle managers," wrote Ramos, explaining why she quit her job less than three months after being rehired by Amazon.




Ramos posted her thoughts Monday afternoon. By the end of the week, more than 100,000 people had viewed it, she said in an interview. Of the more than 200 people who commented on her post, about 20 are currently employed by Amazon in various departments around the world – and many were critical of the company.

Some lambasted Amazon's direction under Andy Jassy, who assumed the chief executive officer role from co-founder Jeff Bezos three years ago. "Love him or hate him, Bezos had courage and a vision — he had real all-hands meetings that weren't prerecorded with hard questions," wrote Todd Leonhardt, whose LinkedIn profile describes him as an Amazon Web Services software developer in Virginia.

# फर्जी दस्तावेज, शिकायतकर्ता की मदद से कराई जमानत

## हाईकोर्ट ने संज्ञान लेकर निरस्त की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जाली दस्तावेज से बैंक लोन हथियाने के मामले में हाईकोर्ट ने आरोपी को जमानत दे दी थी। आरोपी की ओर से फर्जी दस्तावेज, शिकायतकर्ता खड़ा किया गया, जिसे कोर्ट ने विश्वसनीय मानते हुए जमानत का लाभ दे दिया। जब फरियादी को जमानत की जानकारी लगी तो वह हतप्रभ रह गया। आरोपी की जमानत रद्द करने फरियादी न तो कोर्ट गया और अनापत्ति पेश की। फरियादी जब जमानत संबंधी दस्तावेजों के साथ न्यायालय गया तो गड़बड़ी उजागर हुई। तत्काल कोर्ट ने आरोपी की जमानत रद्द कर दी। प्रदेश में यह अपने तरह का पहला मामला है, जब हाईकोर्ट ने ही जमानत भी दी और रद्द भी कर दी।**

### क्या है पूरा मामला

फरियादी महेंद्र परमार ने आरोपी हेमंत बागड़ी (पटवारी रतलाम) के विरुद्ध बैंक में उसके जाली दस्तावेज लगाकर लोन लेने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस इंडस्ट्रियल एरिया रतलाम ने आरोपी पर धारा 420, 467, 471 में केस दर्ज किया था। इसके बाद आरोपी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत आवेदन, फरियादी के फर्जी शपथ पत्र, अनापत्ति आवेदन तथा फरियादी से समझौता हो गया बोलकर उसकी ओर से शपथ पत्र लगा दिया था। इस तरह कोर्ट को गुमराह कर अग्रिम जमानत हासिल कर ली।

### ऐसे पकड़ में आई गलती

मामला तब उजागर हुआ, जब फरियादी को आरोपी की जमानत को जानकारी मिली। जब उसे आदेश की कॉपी देखी तो फरियादी के ये देखकर होश उड़ गए कि ना ही वह हाईकोर्ट गया, ना ही कोई अनापत्ति, शपथ पत्र या वकालतनामा हस्ताक्षरित किया। तब शिकायतकर्ता ने जमानत रद्द करने का लगाया। फरियादी ने अपने अधिवक्ता आशुतोष शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में कूटरचित फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मिली जमानत रद्द करने का आवेदन लगाया।

### हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट आई

इस पर कोर्ट ने शासन को हस्ताक्षर की विस्तृत जांच कर एफएसआई रिपोर्ट, हैंड राइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। जांच रिपोर्ट में सिद्ध हो गया कि फरियादी की फर्जी अनापत्ति आवेदन, शपथ पत्र वकालतनामा लगाकर अग्रिम जमानत ली गई है। कोर्ट ने रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण को गंभीर मानकर आरोपी की जमानत रद्द कर तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश पुलिस को दिए। नोटरी और अन्य मामले से जुड़े अधिवक्ताओं को नोटिस जारी किया है।

## मार्च में की चोरी, अक्टूबर में पकड़ाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मार्च माह में बदमाश ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मशक्कत के बाद उसे अक्टूबर माह में पुलिस पकड़ पाई। आरोपी ने चाबी बनाने के बहाने घर से जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। परदेशीपुरा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर सिकलीगर रघुवीर पिता प्यार सिंह निवासी द्वारकापुरी झुग्गी झोपड़ी को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ पायल, 11090 रुपए नकद बरामद किए हैं। आरोपी ने इसी थाना क्षेत्र में पिछले दिनों सूने अपार्टमेंट में घुसकर चोरी का प्रयास भी किया था, उस मामले का भी खुलासा हुआ है।

# दाढ़ी हटाओ, प्यार बचाओ रैली का वीडियो वायरल

### क्लीन शेव बॉयफ्रेंड्स के समर्थन में लड़कियों ने उठाए पोस्टर; लिखा- दाढ़ी रखो या गर्लफ्रेंड




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लड़कियों का एक ग्रुप दाढ़ी हटाओ, प्यार बचाओ के नारे के साथ रैली निकाल रहा है। वीडियो इंदौर का बताया जा रहा है। इस रैली में लड़कियों ने क्लीन शेव बॉयफ्रेंड्स के समर्थन में तख्तियां उठाई हुई हैं, जिन पर मजेदार और चौंकाने वाले संदेश लिखे हैं।

कुछ लोग इस वीडियो को मजाकिया और मनोरंजक मान रहे हैं, जबकि कुछ इसे सिर्फ दिखावा या रील्स के लिए किया गया स्टंट बता रहे हैं। हालांकि, इस रैली का असली मकसद अभी तक स्पष्ट नहीं है। यह संभव है कि यह किसी प्रमोशनल इवेंट का हिस्सा हो या सिर्फ मजाक के तौर पर किया गया हो।

**यूजर ने लिखा - घर वाले इनकी कुटाई नहीं करते क्या-** वायरल वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने शेयर किया। वीडियो को अब तक लाखों बार देखा जा चुका है और कई लोगों ने इसे लाइक भी किया है। वायरल वीडियो पर यूजर्स तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ऐसा कुछ लड़के करें तो बवाल हो जाएगा। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, दाढ़ी से क्या दिक्कत है इन्हें? और एक यूजर ने मजाकिया अंदाज में लिखा, इनके घर वाले ये देखकर इनकी कुटाई नहीं करते क्या?

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey
Since 2002...

ऑंख मूंदकर न तय करें रिश्ता...
सतर्कता एवं सजगता अत्यावश्यक है।
सभी प्रकार की व्यक्तिगत, पारिवारिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यापारिक, कानूनी, सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य...
सबूत/प्रमाण हेतु... मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे..!
DETECTIVE GROUP ®
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
9111050101
9111050101
7312433667

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक